# कार्यालयः वन प्रमंडल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–01, बेतिया, पश्चिम चम्पारण

## निविदा सूचना संख्या– 2/2022–23

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, बेतिया में वित्तीय वर्ष 2022–23 में अग्रिम पंक्ति के वन कर्मियों द्वारा दैनिक गश्ती के क्रम में वन्य जीवों एवं स्वयं की सुरक्षा हेतु सोलर स्मार्ट स्टिक के क्रय हेतु अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांकः 04.01.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.1.2023 को पूर्वा0 11.00 बजे निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित समय एवं तिथि को तकनीकि / वित्तीय बिड खोली जायेगी।

<table>
<tr><th>क्रमांक</th><th>सामग्री का विवरण</th><th>अनुमानित मात्रा</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>Solar Smart Stick
<table>
<tr><th>SPECIFICATION:</th><th>MINIMUM REQUIREMENT</th></tr>
<tr><td>Height:</td><td>3 feet</td></tr>
<tr><td>Battery</td><td>6000 mAH</td></tr>
<tr><td>LED based Lights</td><td>Present</td></tr>
<tr><td>USB Charging</td><td>Present</td></tr>
<tr><td>Alarm/Panic Button</td><td>Present</td></tr>
<tr><td>Electric Shock/Taser</td><td>Present</td></tr>
<tr><td>Protective Cover</td><td>All Weather Waterproof.</td></tr>
<tr><td>First Aid Kit</td><td>Preferred</td></tr>
<tr><td>Detachable/Foldable</td><td>Optional</td></tr>
</table></td><td>100 अदद्</td></tr>
</table>

जानकारी के लिए वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–01, बेतिया का मोबाईल संख्या 8986153401 पर तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के बेवसाईट www.forest.bih.nic.in / valmikitigerreserve.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–01,बेतिया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमंडल–01, बेतिया।

## सोलर स्मार्ट स्टिक हेतु निर्धारित शर्तें :–

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, बेतिया में वित्तीय वर्ष 2022–23 में अग्रिम पंक्ति के वन कर्मियों द्वारा दैनिक गश्ती के क्रम में वन्य जीवों एवं स्वयं की सुरक्षा हेतु सोलर स्मार्ट स्टिक के क्रय हेतु अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा दिनांकः 04.01.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.01.2023 को पूर्वा0 11.00 बजे निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित समय एवं तिथि को तकनीकि / वित्तीय बिड खोली जायेगी।

सामग्री का नाम

सोलर स्मार्ट स्टिक **(नोटः– विस्तृत विवरणी निविदा प्रपत्र में अंकित है)।**

1. निविदा के निर्धारित प्रपत्रों एवं शर्तों की प्रति वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–1 के कार्यालय से रूपये 2000/– (दो हजार) प्रति की दर से दिनांक 06.12.2022 के पूर्वाहन 10:30 बजे से दिनांक 04.01.2023 के अपराहन् 2.00 बजे तक कार्यावधि में प्राप्त किये जा सकते हैं। वैसे व्यक्ति जो निर्धारित प्रपत्रों एवं शर्तों को वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा समर्पित करते हैं, उन्हें निविदा प्रपत्र की राशि के रूप में 2000/– (दो हजार) का राष्ट्रीयकृत बैंक का एक अलग बैंक/डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा जो वन प्रमण्डल पदाधिकारी –सह– उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमण्डल–01, बेतिया के पदनाम से एवं बेतिया में भुगतेय हो।
2. निविदाकर्त्ता निर्धारित प्रपत्र में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग लिफाफों में उस पर तकनीकी बिड अथवा वित्तीय बिड जो भी हो, लिखेंगे तथा उसे सीलबंद कर अपना नाम, पता लिखेंगे। पुनः उन दोनों लिफाफों (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) को एक मुख्य बड़े लिफाफे में रखकर सीलबंद कर उसपर भी अपना नाम, पता लिखेंगे और अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित समय के अन्दर निविदा बक्सा में डालेंगे। निविदाकर्त्ता मुख्य बड़े लिफाफे में **" सोलर स्मार्ट स्टिक आपूर्ति हेतु निविदा"** अवश्य अंकित करेंगे।
3. निविदाकर्त्ता अपनी निविदा के साथ रू० 25,000/– (रूपये पचीस हजार) का सत्यंकार राशि जमा करेंगे। यह सत्यंकार राशि बैंक ड्राफ्ट अथवा डिपोजिट एट कॉल के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के पदनाम में होगा। सशर्त, त्रुटिपूर्ण अथवा बिना सत्यंकार राशि के निविदा अस्वीकृत कर दी जायगी।
4. निविदाकर्त्ता जिस सामग्रियों की बिक्री के लिए निबंधित हैं, उसी सामग्री का निविदा दर अंकित करेंगे। निविदाकर्त्ता को आपूर्ति आदेश के 2 (दो) सप्ताह के अन्दर सामग्रियों की आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी अन्यथा आपूर्ति नहीं होने की स्थिति में जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी। निविदाकर्त्ता को सामग्री विकय करने हेतु प्राधिकार पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
5. सभी निविदादाता द्वारा निविदा खुलने की तिथि से न्यूनतम एक सप्ताह पहले आपूर्ति किये जाने वाले सोलर स्मार्ट स्टिक का सैम्पल प्रोटोटाईप अनुलग्नक–1 में संलग्न डाटा शीट के साथ प्रमंडलीय कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा जिससे उसका Field Testing किया जा सके। Field testing के पश्चात् पुनः सोलर स्मार्ट स्टिक वापस कर दिया जायेगा।
6. आपूर्ति किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के देय कर यथा आयकर, जी०एस०टी० इत्यादि का भुगतान निविदाकर्त्ता को करना होगा।

7. निविदाकर्त्ता को जी०एस०टी० के अन्तर्गत Regular vendor के रूप में निबंधित होना चाहिये। निबंधन प्रमाण–पत्र का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति समर्पित करना होगा। किसी भी परिस्थिति में आपूर्ति किये गये सामग्री का Composite invoice स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. सोलर स्मार्ट स्टिक की आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत आपूर्तिकर्ता होना चाहिए।
9. निबंधित/ अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता भारतवर्ष के किसी भी व्याघ्र आरक्ष्य में सोलर स्मार्ट स्टिक आपूर्ति किये हैं तो आपूर्ति आदेश की प्रति अपने निविदा में अभिलेख के रूप में संलग्न करेगें।
10. विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन निविदाकर्त्ताओं को समर्पित करना अनिवार्य होगा।
11. निविदाकर्त्ता अपने हस्ताक्षर का नमूना किसी राजपत्रित पदाधिकारी से सत्यापित कराकर निविदा के साथ समर्पित करेंगे एवं वे सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड निविदा के साथ संलग्न करेंगे।
12. निविदाकर्त्ता अपनी वित्तीय निविदा में सभी सामग्रियों के लिए अलग–अलग एवं साफ अक्षरों में दर अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होना चाहिए। तकनीकि निविदा में स्पष्ट रूप से सामग्री की विशिष्टता अंकित होनी चाहिए। अर्पित दर सभी करों सहित वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया में निर्धारित स्थल पर सामग्री पहुंचा कर होगा।
13. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उलंघन अथवा आदेशित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते हैं अथवा घटिया गुणवत्ता तथा निर्धारित मापदंड से निम्न कोटि एवं आकार की सामग्री की आपूर्ति करते हैं तो निविदा समिति को यह अधिकार होगा कि वे आपूर्तिकर्त्ता के निविदा को रद्द कर दें तथा सत्यंकार राशि राज्यसात कर लें। ऐसी स्थिति में निविदा समिति को यह अधिकार होगा कि वे द्वितीय निविदाकर्त्ता के दर पर निगोसिएशन कर सामग्रियों की आपूर्ति लें।
14. निविदा के निष्पादन के उपरान्त प्राप्त सामग्री की दर निविदा निष्पादन की तिथि से 01वर्ष तक के लिये मान्य होगी।
15. सामग्रियों की आपूर्ति की किस्म एवं मात्रा के संबंध में किसी प्रकार के विवाद का निर्णय समिति द्वारा किया जायेगा।
16. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्त्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/ पढ़वाया और समझा है तथा वे सभी शर्तों को स्वीकार करते हैं।
17. किसी भी निविदा को पूर्णतः या अंशतः बिना पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
18. आवश्यकतानुसार उपरोक्त सामग्रियॉ एवं इसकी मात्रा घट–बढ़ सकती है। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र बेतिया होगा।
19. अधिक जानकारी के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया का मोबाईल संख्या–8986153401 पर तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन विभाग के बेवसाईट www.forest.bih.nic.in / valmikitigerreserve.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

3/7/22

वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया

**Annexure I**

**Data Sheet to be provided with prototype Sample for Solar Smart Stick**

| S No. | Criteria | Value | Unit |
|---|---|---|---|
| 1 | Charging Time from 0% to 100% from power source (without use) | | Mins |
| 2 | Discharge Time from 100% to 0% (without use) | | Mins |
| 3 | Discharge Time from 100% to 0% with only LED Light ON | | Mins |
| 4 | Discharge Time from 100% to 0% with only Siren/Panic ON | | Mins |
| 5 | Charging Time from 0% to 20% from included solar panel only (without use) | | Mins |
| 6 | No. of stuns/electric discharge available at 100% Power | | Nos. |
| 7 | Serial No. of unit provided. | | |

Authorised Signatory
Name and Designation

# प्रपत्र 'क'

## तकनीकी बिड

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदात्ता द्वारा समर्पित सूचना | पेज नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदादात्ता द्वारा क्रय किए गए निविदा प्रपत्र से संबंधित मनी रसीद की स्वःहस्ताक्षरित स्वछायाप्रति। | | |
| 2 | वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के पदनाम से रू० 25,000/–(रूपये पच्चीस हजार) के अग्रधन राशि (सत्यंकार राशि) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट। | | |
| 3 | आयकर का पैन नम्बर/टैन नम्बर तथा विगत दो वर्षों का आयकर रिटर्न का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 4 | जी०एस०टी० के अन्तर्गत निबंधन का स्वःअभिप्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 5 | पता से संबंधित स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र। मूल प्रमाण–पत्र निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे। | | |
| 6 | पहचान–पत्र से संबंधित स्वःअभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र। मूल प्रमाण–पत्र निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे। | | |
| 7 | राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर। | | |
| 8 | क्या निविदा किसी फर्म द्वारा दिया गया है। यदि हाँ तो पार्टनरशीप डीड की छायाप्रति संलग्न करें। मूल डीड निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे। | | |
| 9 | सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज होने/न होने संबंधी घोषणा–पत्र। | | |
| 10 | अन्य कोई भी दस्तावेज | | |

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर

पूरा पताः–

## निविदा प्रपत्र 'ख'
## वित्तीय बिड

निविदा का विवरण :— वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, बेतिया में वित्तीय वर्ष 2022—23 में अग्रिम पंक्ति के वन कर्मियों द्वारा दैनिक गश्ती के क्रम में वन्य जीवों एवं स्वयं की सुरक्षा हेतु सोलर स्मार्ट स्टिक का क्रय।

निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय। — 04.01.2023 — 2.00 बजे अपराह्न।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय। — 06.01.2023 — 11.00 बजे पूर्वा०।

प्रेषक,

नामः—
पिता का नामः—

पत्राचार का पताः—
मोबाईल न०ः—

सेवा में,
वन प्रमंडल पदाधिकारी—सह—उपनिदेशक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल—1, बेतिया

महाशय,

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, बेतिया में वित्तीय वर्ष 2022—23 में अग्रिम पंक्ति के वन कर्मियों द्वारा दैनिक गश्ती के क्रम में वन्य जीवों एवं स्वयं की सुरक्षा हेतु सोलर स्मार्ट स्टिक की आपूर्ति हेतु मैं अपना आपूर्ति दर निम्नवत् समर्पित कर रहा हूँ:—

| सामाग्री का नाम | निविदादाता द्वारा सभी करों सहित अर्पित दर | | मात्रा |
|---|---|---|---|
| | अंक में | शब्दो में | |
| सोलर स्मार्ट स्टिक | | | |
| मॉडल—1 | | | |
| मॉडल—2<br>.........<br>.........<br>.........<br>.......... | | | |

एक अथवा एक से अधिक मॉडल होने पर प्रत्येक मॉडल की अलग—अलग Specification sheet संलग्न किया जाय।

2— मेरे द्वारा उक्त दर वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल—1, बेतिया सामग्री पहुंचा कर सभी करों समेत आगामी एक वर्ष तक की अवधि के लिये दिया गया है। मैं आपूर्ति किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के कर यथा आयकर, जी.एस.टी. इत्यादि का भुगतान करूँगा।

आपका विश्वासी,